Seat No. : _______________

MD-143

March-2019

B.A., Sem.-III

CC-203 : Hindi

(हिन्दी साहित्य का आदिकाल और निर्गुण भक्ति काव्य)

Time : 2:30 Hours] **[Max. Marks : 70**

सूचना : (1) निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर निर्धारित क्रम में लिखिए।

(2) निम्नलिखित प्रश्न 1 और 2 (ब) में से किन्हीं **चार** तथा 3 और 4(ब) में से किन्हीं **तीन** प्रश्नों के उत्तर विकल्प चुनकर या **एक–दो** वाक्य में दीजिए।

1. (अ) आदिकालीन परिस्थितिओं पर प्रकाश डालिए। **14**

अथवा

'रासो' शब्द की व्युत्पत्ति पर प्रकाश डालते हुए पृथ्वीराज रासो और बीसलदे रासो की चर्चा कीजिए।

(ब) पूछे गए प्रश्नों में से किन्हीं **चार** के उत्तर दीजिए : **4**

(1) नाथ संप्रदाय के प्रवर्तक माने जाते हैं।

(A) गोरखनाथ (B) चर्पटनाथ

(C) सरहपा (D) स्वयंभू

(2) पहेलियों और मुकरियाँ प्रसिद्ध हैं।

(A) चंदवरदायी (B) विद्यापति

(C) अमीर खुसरो (D) नरपतनाल्ह

(3) आदिकाल को वीरगाथा काल कहा है।

(A) आचार्य रामचन्द्रशुक्ल

(B) आचार्य हजारीप्रसाद द्विवेदी

(C) आचार्य महावीरप्रसाद द्विवेदी

(D) आचार्य नंददुलारे वाजपेयी

(4) 'पउम चरिउ' के रचयिता कौन हैं ?

(5) हिन्दी साहित्य के इतिहास को कितने भागों में बाँटा गया है ?

(6) 'ढोला मारू रा दुहा' किस प्रदेश का लोक साहित्य है ?

2. (अ) निर्गुण भक्ति साहित्य की विशेषताओं पर प्रकाश डालिए । **14**

अथवा

भक्तिकालीन परिस्थितियों की चर्चा कीजिए ।

(ब) पूछे गए प्रश्नों में से किन्हीं **चार** के उत्तर दीजिए : **4**

(1) इनमें से कौन कवि निर्गुण संत परम्परा से संबंधित हैं ?

(A) कबीर (B) नंददास

(C) कुतुबन (D) जायसी

(2) 'बीजक' संबंधित है ।

(A) रैदास (B) नानक

(C) कबीर (D) मलुकदास

(3) रैदास का जन्म हुआ था ।

(A) काशी (B) अयोध्या

(C) मथुरा (D) प्रयाग

(4) कबीर के पालक माता-पिता कौन थे ?

(5) कबीर का निधन कब और कहाँ हुआ था ?

(6) कबीर के गुरु कौन थे ?

3. (अ) प्रेमाश्रयी शाखा की प्रमुख काव्य-प्रवृत्तियों पर प्रकाश डालिए । **14**

अथवा

नीचे दिए गए कवियों का साहित्यिक परिचय दीजिए :

(1) मलिक मुहम्मद जायसी

(2) कुतुबन

(ब) पूछे गए प्रश्नों में से किन्हीं **तीन** के उत्तर दीजिए : **3**

(1) पद्मावत की भाषा है ।

(A) अवधी (B) ब्रज

(C) भोजपुरी (D) खड़ीबोली

(2) 'सूफ' का अर्थ है ।

(A) रेशम (B) चबूतरा

(C) ऊन (D) सूतीवस्त्र

(3) 'मधुमालती' के रचनाकार कौन हैं ?

(4) 'मृगावती' किसकी रचना है ?

(5) राघव चेतन किस काव्य का पात्र है ?

4. (अ) कबीर के पठित दोहों के आधार पर उनकी काव्यगत् विशेषताओं पर प्रकाश डालिए । **14**

अथवा

जायसी के पठित पदों के आधार पर नागमती की विरह दशाओं की चर्चा कीजिए ।

(ब) पूछे गए प्रश्नों में से किन्हीं **तीन** के उत्तर दीजिए : **3**

(1) कस्तूरी नाभि में रहती है ।

(A) मृग (B) बाघ

(C) लोमड़ी (D) खरगोश

(2) 'विप्र रूप धरि झिलमिल इंदू' में 'इंदू' का अर्थ है ।

(A) शिव (B) इन्द्र

(C) कृष्ण (D) दुर्गा

(3) निंदक को अपने आंगन में रखने के लिए कबीर क्यों कहते हैं ?

(4) 'चढ़ा असाढ़, गगम घन गाजा' किस रचनाकार की पंक्तियाँ है ?

(5) 'सतगुरु की महिमा अनंत, अनंत किया उपगार' पंक्तियों के रचनाकार कौन हैं ?